# मध्य प्रदेश राज्य सेवा (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र - 2016

**1. मध्य प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन का / के कारण है/हैं -**

( A ) वित्त का अभाव

( B ) शक्ति ( ऊर्जा ) का अभाव

( C ) कच्चे माल का अभाव

**( D ) उपर्युक्त सभी**

**व्याख्या** - मध्य प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन के कारण है - (1 ) वित्त का अभाव ( i ) ऊर्जा ( शक्ति ) संसाधन का अभाव (iii ) कच्चे माल का अभाव ( iv ) निजी पूंजी निवेश का अभाव आदि इसी कारण तो मध्यप्रदेश को एक " सोये हुए शेर " की संज्ञा दी जाती है।

**2 . 1024 किलोबाइट बराबर होता है**

**( A ) 1 मेगाबाइट** ( B ) 1 गीगाबाइट

( C ) 10 किलोबाइट ( D ) 1024 बाइट

**व्याख्या** - 1 मेगाबाइट - 1024 किलोबाइट 1 किलोबाइट - 1024 बाइट 1 गीगाबाइट - 1024 मेगाबाइट

**3 . एक्सेल स्प्रेडशीट की मूल इकाई, जहाँ पर डाटा एन्ट्री की जाती है, कहलाती है-**

( A ) टैब ( B ) बॉक्स

**( C ) सेल** ( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - एक्सेल स्प्रेडशीट की मूल इकाई जहाँ पर डाटा एण्ट्री की जाती है वह सेल ( cell ) कहलाती है, स्प्रेडशीट एक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है।

**4 . गूगल ने किस वेब ब्राउजर को विकसित किया था ?**

( A ) इंटरनेट एक्सप्लोरर ( B ) फायरफॉक्स

( C ) सफारी **( D ) क्रोम**

**व्याख्या** - गूगल ने क्रोम वेब ब्राउजर को विकसित किया था। गूगल कंपनी द्वारा गुगल क्रोम बेव ब्राउजर वर्ष 2008 में विकसित किया गया। था जबकि फायरफॉक्स मोजिला द्वारा, सफारी ऐप्पल द्वारा एवं इंटरनेट एक्सप्लोरर माइक्रोसोफ्ट कार्पोरेशन द्वारा विकसित वेब ब्राउजर है।

**5 . विप्रो कम्पनी के प्रमुख कौन हैं ?**

**( A ) अजीम प्रेमजी** ( B ) रतन टाटा

( C ) अनिल अम्बानी ( D ) आदित्य बिड़ला

**व्याख्या** - अजीम प्रेमजी विप्रो कंपनी के प्रमुख हैं जबकि रतन टाटा, टाटा कंपनी के प्रमुख रहे हैं एवं अनिल अंबानी रिलायंस कंपनी एवं आदित्य बिड़ला बिड़ला कार्पोरेट कंपनी एवं आइडिया कंपनी से संबंधित हैं।

**6 . कम्प्यूटर में फैलने वाला वायरस है-**

( A ) हार्डवेयर **( B ) कम्प्यूटर प्रोग्राम**

( C ) ऐन्ट ( D ) सिस्टम सॉफ्टवेयर

**व्याख्या** - कम्प्यूटर में फैलने वाला वायरस एक छोटा अवैध कम्प्यूटर। प्रोग्राम है जिसके क्रियान्वित करने पर यह कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर तथा सूचनाओं को कुप्रभावित करता है।

**7 . ' स्पैम ' किस विषय से संबंधित शब्द है ?**

**( A ) कम्प्यूटर** ( B ) कला

( C ) संगीत ( D ) खेल

**व्याख्या** - स्पैम ( Spam ) कम्प्यूटर से संबंधित शब्द है। इंटरनेट पर ई मेल का प्रयोग कर किसी अवांछित मेसेज को दूसरे कम्प्यूटर पर भेजना स्पैम ( Spam ) कहलाता है।

**8 . निम्नलिखित में से कौन - सा एक सर्च इंजन है ?**

**( A ) बाइडू** ( B ) पैकेट्स

( C ) कूकीज़ ( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - बाइडू चीन का एक सर्च इंजन है एवं अन्य लोकप्रिय सर्च इंजन है गूगल, याहू, अल्टाविस्टा, आर्कट आदि जबकि कुकीज वह सॉफ्टवेयर है जिसके द्वारा कोई वेबसाइट कुछ सूचनाएँ उपयोगकर्ता के कम्प्यूटर पर स्टोर करता है।

**9 . वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग हेतु निम्नलिखित में से कौन - सा डिवाइस अनिवार्य है ?**

( A ) प्रिन्टर ( B ) स्कैनर

**( C ) वेबकैम** ( D ) माउस

**व्याख्या** - वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग हेतु बेवकैम ( कैमरा ) डिवाइस अनिवार्य है।

**10 . http का पूरा नाम क्या है ?**

( A ) हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोग्राम

**( B ) हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल**

( C ) हाइपरटूल ट्रांसफर प्रोग्राम

( D ) हाइपरटूल ट्रांसफर प्रोटोकॉल

**व्याख्या** - http का पूरा नाम Hypertext Transfer Protocol है। यह विभिन्न कम्प्यूटर को इंटरनेट से आपस में जोड़ने के लिए प्रयुक्त नियमों का समूह है।

**11. अनुसूसचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नियम, 1995 की निमलिखित में से किस धारा के अंतर्गत ' जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरी समिति के गठन का उपबंध किया गया है ?**

( A ) धारा 18 ( B ) धारा 19

**( C ) धारा 17** ( D ) धारा 16

**व्याख्या** - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नियम 1995 की धारा 17 के अंतर्गत " जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरी समिति के गठन का उपबंध किया गया है।

**12. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 की निम्नलिखित में से किस धारा में भारतीय दंड संहिता के कतिपय उपबंधों का लागू होना उपबंधित है ?**

( A ) धारा 12 ( B ) धारा 10

**( C ) धारा 6** ( D ) धारा 8

**व्याख्या** - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 का धारा 6 में भारतीय दंड संहिता (IPC) के कतिपय उपबंधों का लागू होना उपबंधित है।

**13 . अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति ( अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के उद्देश्यों को क्रियान्वित करने के लिए नियम बनाने की शक्तियाँ किसे / किन्हें प्राप्त हैं ?**

( A ) राज्य सरकार **( B ) केन्द्र सरकार**

( C ) दोनों ( A ) और ( B ) ( D ) सर्वोच्च न्यायालय

**व्याख्या** - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण ) अधिनियम 1989 के उद्देश्यों को क्रियान्वित करने के लिए नियम बनाने की शक्तियाँ अनुच्छेद 23 के अंतर्गत केन्द्र सरकार को प्राप्त है।

**14 . अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 की निम्नलिखित में से किस धारा में अग्रिम जमानत प्रतिबंधित है ?**

( A ) धारा 16 ( B ) धारा 17

**( C ) धारा 18** ( D ) धारा 19

**व्याख्या** - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधि . 1989 की धारा 18 में अग्रिम जमानत प्रतिबंधित है।

**15 . मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी ' धूपगढ़ ' स्थित है-**

**( A ) महादेव पहाड़ियों में**

( B ) राजपीपला पहाड़ियों में

( C ) मैकल श्रेणी में

( D ) कैमूर पहाड़ियों में

**व्याख्या** - मध्यप्रदेश की सबसे ऊँची चोटी धूपगढ़ ( ऊँचाई 1350 मीटर) सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के अंतर्गत महादेव पहाड़ियों में स्थित है। यह म.प्र. के होशंगाबाद जिले में पचमढ़ी के समीप स्थित है।

**16 . कौन - सी श्रेणी यमुना और सोन के मध्य जलद्विभाजक का कार्य करती है ?**

( A ) भाण्डेर **( B ) कैमूर**

( C ) मैकल ( D ) मुकुन्दवारा

**व्याख्या** - कैमूर श्रेणी यमुना और सोन के मध्य जल द्विभाजक का कार्य करती है। कैमूर श्रेणी विध्यांचल पर्वत श्रृंखला का भाग है।

**17 . मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन ' पचमढ़ी ' कहाँ स्थित है ?**

( A ) राजपीपला पहाड़ियाँ **( B ) महादेव पहाड़ियाँ**

( C ) मैकल श्रेणी ( D ) गाविलगढ़ पहाड़ियाँ

**व्याख्या** - मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी महादेव पहाड़ियों में स्थित है। इसे बायो स्फियर रिसर्व भी घोषित किया गया है।

**18 . ' तवा ' किस नदी की सहायक नदी है ?**

( A ) ताप्ती **( B ) नर्मदा**

( C ) पार्वती ( D ) महानदी

**व्याख्या** - तवा नदी, नर्मदा नदी की सहायक नदी है। तवा नदी का बांद्राभान नामक स्थल पर नर्मदा नदी में संगम होता है।

**19 . भेड़ाघाट पर कौनसा जलप्रपात स्थित है ?**

**( A ) धुआँधार** ( B ) दुग्धधारा

( C ) कपिलधारा ( D ) चचाई

**व्याख्या** - भेड़ाघाट ( जबलपुर ) पर नर्मदा नदी पर धुआँधार जलप्रपात स्थित है जबकि नर्मदा नदी पर ही अनूपपुर जिले में दुग्धधारा एवं कपिलधारा जलप्रपात स्थित है जबकि म . प्र . का सबसे ऊँचा जलप्रपात चचाई जलप्रपात वीहड़ नदी पर रीवा जिले में स्थित है।

**20 . चम्बल घाटी मध्य प्रदेश के किस भौतिक विभाग में स्थित है ?**

( A ) बघेलखण्ड पठार ( B ) बुंदेलखण्ड पठार

**( C ) मध्य भारत पठार** ( D ) विन्ध्यन कगारी प्रदेश

**व्याख्या** - चम्बल घाटी मध्य प्रदेश के मध्य भारत का पठार नामक भौतिक क्षेत्र में स्थित है।

**21 . मध्य प्रदेश की जलवायु किस प्रकार की है ?**

**( A ) मानसून प्रकार** ( B ) भूमध्यरेखीय प्रकार

( C ) भूमध्यसागरीय प्रकार ( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - मध्यप्रदेश की जलवायु ऊष्णकटिबंधीय मानसूनी प्रकार की है।

**22 . सुचित्रा सेन थी।**

( A ) लेखिका **( B ) अभिनेत्री**

( C ) पत्रकार ( D ) राजनेत्री

**व्याख्या** - सुचित्रा सेन एक अभिनेत्री थी, जिनका हाल ही में निधन हो गया है।

**23 . भारत के उनतीसवें राज्य की राजधानी है।**

**( A ) हैदराबाद** ( B ) विशाखापट्टनम्

( C ) पणजी ( D ) सिलवासा

**व्याख्या** - भारत का उनतीसवाँ राज्य तेलंगाना है जिसकी राजधानी हैदराबाद है तेलंगाना राज्य का गठन 2 जून 2014 को हुआ है।

**24 . मध्य प्रदेश में ' कान्हा बाबा का मेला ' कहाँ लगता है ?**

( A ) होशंगाबाद **( B ) सोडलपुर**

( C ) बड़वानी ( D ) रीवा

**व्याख्या** - मध्यप्रदेश में " कान्हा बाबा " का मेला सोडलपुर (जिला हरदा ) में लगता है।

**25 . उदयगिरि की गुफाएँ मध्य प्रदेश के कौन - से जिले में हैं ?**

( A ) रायसेन **( B ) विदिशा**

( C ) धार ( D ) भोपाल

**व्याख्या** - उदयगिरि की गुफाएँ मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में स्थित है। जबकि भीमबेटका की गुफाएँ एवं मृगेन्द्रनाथ की गुफाएँ रायसेन जिले में एवं बाग की गुफाएँ धार जिले में स्थित है।

**26 . कौन - सा पर्यटन स्थल ' मूर्तिकला का तीर्थ ' कहलाता है ?**

( A ) उज्जैन **( B ) खजुराहो**

( C ) ओरछा ( D ) माण्डू

**व्याख्या** - मध्यप्रदेश का खजुराहो पर्यटन स्थल " मर्तिकला का तीर्थ " कहलाता है। खजुराहो के पाषाण निर्मित मंदिरों का निर्माण 10 वीं शताब्दी में चंदेल शासकों ने करवाया था।

**27 . कौन - सी जनजाति ' लोहासर ' को अपना देवता मानती है ?**

( A ) गोंड ( B ) भील

( C ) कोरकू **( D ) अगरिया**

**व्याख्या** - अगरिया जनजाति ' लोहासर ' को अपना देवता मानती है, लोहासुर का निवास स्थान धधकती हुई भट्टी में माना जाता है। अगरिया जनजाति लोहे के औजार बनाकर अपना जीवकोपार्जन करती है।

**28 . भारत भवन कहाँ है ?**

( A ) दिल्ली ( B ) इन्दौर

( C ) जबलपुर **( D ) भोपाल**

**व्याख्या** - भारत भवन भोपाल में स्थित है। सांस्कृतिक केन्द्र के रूप भारत भवन की स्थापना फरवरी 1982 में हुई थी। इसके वास्तुकार चार्ल्स कोरिया है।

**29 . प्रतिशत की दृष्टि से मध्य प्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति वाला जिला कौन - सा है ?**

**( A ) झाबुआ** ( B ) बड़वानी

( C ) रतलाम ( D ) छिन्दवाड़ा

**व्याख्या** - प्रतिशत की दृष्टि से मध्य प्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति वाला जिला झाबुआ है।


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212,Email id: smartwayeducation.in@gmail.com
MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010

**30 . निम्नलिखित में से कौन - सा एक शेयर बाजार के संदर्भ में अप्रासंगिक है ?**

( A ) सेन्सेक्स ( B ) बी . एस . ई .

( C ) निफ्टी **( D ) सैप्स**

**व्याख्या** - सेन्सेक्स, 'बी.एस.ई.' निफ्टी शेयर बाजार से संबंधित है जबकि सैप्स शेयर बाजार से संबंधित नहीं है।

**31 . भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक बैंक है।**

( A ) नाबार्ड

**( B ) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**

( C ) आई.सी.आई.सी.आई.

( D ) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

**व्याख्या** - भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक बैंक ( कमर्शियल बैंक ) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ( SBI ) है, SBI का राष्ट्रीयकरण वर्ष 1955 में हुआ था।

**32 . शेरशाह का मकबरा कहाँ है ?**

**( A ) सासाराम** ( B ) दिल्ली

( C ) कालिंजर ( D ) सोनारगाँव

**व्याख्या** - शेरशाह का मकबरा सासाराम ( बिहार ) में है। शेरशाह सूरी की मृत्यु सन् 1545 में कलिंजर आक्रमण के समय बारूद का गोला ( एक्का ) से फटने से हुई थी।

**33 . शिवाजी के गुरु का नाम क्या था ?**

**( A ) रामदास** ( B ) तुकाराम

( C ) वामन पंडित ( D ) गाग भट्ट

**व्याख्या** - छत्रपति शिवाजी के गुरु का नाम समर्थ रामदास था, जबकि शिवाजी की माता का नाम जीजाबाई, पिता का नाम शाहजी भोंसले एवं दादाजी का नाम कोंमदेव था।

34 . ' हम, भारत के लोग ( Wethe People of India ) ' शब्दों का प्रयोग भारतीय संविधान में कहाँ किया गया?

( A ) नीति - निर्देशक सिद्धांत( B ) मौलिक अधिकार

( C ) नागरिकता **( D ) संविधान की प्रस्तावना**

**व्याख्या** - " हम, भारत के लोग ( We the People of India ) शब्दों का प्रयोग भारतीय संविधान की प्रस्तावना के प्रारंभ में किया गया है।

**35 . भारतीय संविधान का संरक्षक किसे कहा गया है ?**

( A ) संसद ( B ) राष्ट्रपति

**(C) सर्वोच्च न्यायालय** ( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**व्याख्या** - भारतीय संविधान का संरक्षक सर्वोच्च न्यायालय को कहा जाता है।

**36 . बलवंत राय मेहता समिति ने किस प्रकार की पंचायती राज व्यवस्था की अनुशंसा की थी ?**

( A ) द्विस्तरीय **( B ) त्रिस्तरीय**

( C ) ग्रामस्तरीय ( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - बलवंत राय मेहता समिति ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की अनुशंसा वर्ष 1957 में की थी एवं भारत में पंचायती राज की शुरुआत 2 अक्टूबर 1959 को नागौर (राजस्थान ) से प्रधानमंत्री पं . जवाहरलाल नेहरू ने की थी।

**37 . वैज्ञानिक समाजवाद ला श्रेय जाता है -**

**( A ) कार्ल मार्क्स को** ( B ) एडम स्मिथ को

( C ) जे.एम. कीन्स को ( D ) थॉमस मन को

**व्याख्या** - वैज्ञानिक समाजवाद का श्रेय कार्ल मार्क्स को जाता है जबकि एडम स्मिथ को आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है।

**38 . भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ है ?**

( A ) राजस्थान **( B ) आंध्र प्रदेश**

( C ) मध्य प्रदेश ( D ) कर्नाटक

**व्याख्या** - भाषाई आधार पर सर्वप्रथम आंध्रप्रदेश राज्य का गठन वर्ष 1953 में हुआ है।

**39 . निकोलो कोन्टी कौन था ?**

( A ) एक प्रसिद्ध चित्रकार

**( B ) इटली का एक यात्री, जिसने विजय नगर सामाज्य की यात्रा की**

( C ) एक पुर्तगाली यात्री

( D ) एक ईरानी यात्री

**व्याख्या** - निकोलो कोन्टी इटली का एक यात्री था जिसने देवराय प्रथम के शासनकाल में वर्ष 1420 में विजयनगर साम्राज्य की यात्रा की थी।

**40 . ' क्रिकेट का मक्का ' किस मैदान को कहा जाता है ?**

**( A ) लॉर्ड्स** ( B ) ईडन गार्डन्स

( C ) मेलबर्न क्रिकेट मैदान ( D ) ग्रीन पार्क

**व्याख्या** - क्रिकेट का मक्का लंदन स्थित लॉर्ड्स स्टेडियम को कहा जाता है। जबकि ईडन गार्डन (कोलकाता ) एवं ग्रीनपार्क (कानपुर ) स्टेडियम भारत में स्थित हैं।

**41 . फुटबॉल को ओलिंपिक खेलों में कब शामिल किया गया ?**

**( A ) 1900, पेरिस** ( B ) 1908, लंदन

( C ) 1896, एथेंस ( D ) 1920, एंटवर्प

**व्याख्या** - मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की मॉडल आंसर शीट के अनुसार फुटबॉल को ओलिंपिक खेलों में वर्ष 1900 पेरिस ओलिंपिक में शामिल किया गया है।

**42 . चटगाँव आर्मरी रेड से इनमें से कौन संबंधित था ?**

**( A ) सूर्य सेन** ( B ) भगत सिंह

( C ) रामप्रसाद बिस्मिल ( D ) अशफाक उल्लाह

**व्याख्या** - चटगाँव आर्मरी रेड ( शस्त्रागार षड्यंत्र काण्ड ), से मास्टर सूर्य सेन संबंधित है। यह काण्ड 18 अप्रैल 1930 को हुआ था।

**43 . वैवेल योजना किस वर्ष प्रस्तुत की गई थी ?**

( A ) 1942 ( B ) 1943

( C ) 1944 **( D ) 1945**

**व्याख्या** - वैवेल योजना 4 जून वर्ष 1945 में प्रस्तुत की गई थी, जिसके तहत् 25 जून 1945 को शिमला में सर्वदलीय सम्मेलन बुलाया गया था।

**44 . भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के संदर्भ में निमलिखित में से कौन - सा कथन सत्य नहीं है ?**

( A ) इसको ब्रिटिश शासकों ने बनाया था

**( B ) इसका उद्देश्य भारत में भूमि सुधार प्रक्रिया को बढ़ावा देना था**

( C ) यह भारत की संसद के एक अन्य अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया जा चुका है।

( D ) इसका क्रियान्वयन विवादित हो गया था।

**व्याख्या** - भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 को ब्रिटिश शासन ने बनाया था। इसका क्रियान्वयन विवादित हो गया था। यह भारत की संसद के एक अन्य अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया जा चुका है किन्तु इसका उद्देश्य भारत में भूमि सुधार प्रक्रिया को बढ़ावा देना नहीं था इसलिए उपरोक्त प्रश्नानुसार विकल्प ( B ) सही उत्तर होगा।

**45 . इनमें से कौन ' नीति आयोग ' से संबंधित है ?**

**( A ) नरेन्द्र मोदी** ( B ) कौशिक बसु

( C ) अमर्त्य सेन ( D ) पी . चिदम्बरम

**व्याख्या** - नीति ( NITI ) आयोग का गठन 1 जनवरी 2015 को हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके अध्यक्ष एवं अरविंद पनगड़िया इसके उपाध्यक्ष है।

**46 . मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की किस धारा में ' लोक सेवक ' की परिभाषा दी जाती है?**

( A ) धारा 2 ( B ) धारा 3

( C ) धारा 2 ( H ) **( D ) धारा 2 ( M )**

**व्याख्या** - मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 2 ( M ) में ' लोक सेवक ' की परिभाषा दी गई है।

**47 . निम्नलिखित में से किस देश की भारत के साथ सबसे लम्बी स्थलीय सीमा है ?**

( A ) चीन ( B ) नेपाल

( C ) पाकिस्तान **( D ) बांग्लादेश**

**व्याख्या** - बांग्लादेश की भारत के साथ सबसे लम्बी स्थलीय सीमा ( 4096.7 किमी ) है।

**48 . निम्नलिखित में से दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी कौन - सी है ?**

**( A ) अनाइमुडी** ( B ) दोदाबेटा

( C ) गुरुशिखर ( D ) महेन्द्रगिरि

**व्याख्या** - दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी अनाइमडी (ऊँचाई 29691 मी.) है जबकि दोदाबेट्टा नीलगिरि पर्वत श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है एवं गुरुशिखर अरावली पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊँची चोटी है।

**49 . किन दो पर्वत श्रेणियों के मध्य कश्मीर घाटी स्थित है?**

( A ) लद्दाख व जंस्कर

**( B ) वृहद हिमालय व पीर पंजाल**

( C ) वृहद हिमालय व जंस्कर

( D ) काराकोरम व लद्दाख

**व्याख्या** - वृहद हिमालय एवं पीरपंजाल पर्वत श्रेणियों के मध्य कश्मीर घाटी स्थित है।


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212, Email id: smartwayeducation.in@gmail.com
MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010

**50. भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनके भौगोलिक क्षेत्र के घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए :**

I. राजस्थान　　II. तमिलनाडु
III. महाराष्ट्र　　IV. कर्नाटक

(A) I, II, III, IV　　(B) III, I, IV, II
**(C) I, III, IV, II**　　(D) III, IV, I, II

**व्याख्या** - भारत के राज्यों का उनके भौगोलिक क्षेत्र के घटते क्रम में इस प्रकार बनाया जा सकता है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु।

**51. भारत के किस द्वीप का उद्गम ज्वालामुखीय है ?**

**(A) बैरन**　　(B) कार निकोबार
(C) लिटिल निकोबार　　(D) उत्तरी अण्डमान

**व्याख्या** - भारत के अण्डमान निकोबार द्वीप समूह के समीप स्थित बैरत द्वीप का उद्गम ज्वालामुखीय है।

**52. निम्नलिखित में से कौन - सा एक भारत में नीली क्रान्ति से संबंधित है ?**

(A) पुष्पकृषि　　(B) रेशम - उत्पादन
**(C) मत्स्यपालन**　　(D) बागवानी

**व्याख्या** - पुष्पकृषि फ्लोरीकल्चर रेशम उत्पादन - सेरीकल्चर मत्स्य पालन - पिसीकल्चर ( नीली क्रांति ) बागवानी - हॉर्टीकल्चर

**53. भारत तथा पाकिस्तान के मध्य सीमा - रेखा एक उदाहरण है-**

**(A) अध्यारोपित सीमा का**　(B) पूर्ववर्ती सीमा का
(C) अवशिष्ट सीमा का　　(D) परवर्ती सीमा का

**व्याख्या** - भारत तथा पाकिस्तान के मध्य सीमा रेखा (रेडक्लिफ सीमा रेखा) एक अध्यारोपित सीमा (Superimposed boundary ) का उदाहरण है

**54. 'हुदहुद चक्रवात' से भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा तटीय क्षेत्र प्रभावित हुआ था ?**

**(A) आंध्र प्रदेश तट**　　(B) केरल तट
(C) चेनई तट　　(D) बंगाल तट

**व्याख्या** - "हुदहुद चक्रवात" से भारत का आंध्रप्रदेश तटीय क्षेत्र प्रभावित हुआ था।

**55. निम्नलिखित में से कौन - सा जलाशय चम्बल नदी पर बना है ?**

(A) नागार्जुन सागर　**(B) राणा प्रताप सागर**
(C) विन्ध्य सागर　　(D) रिहन्द

**व्याख्या** - राणा प्रताप सागर जलाशय चम्बल नदी पर राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में बना है जबकि जवाहर सागर चम्बल नदी पर राजस्थान के कोटा जिले में बना है एवं गाँधी सागर जलाशय चम्बल नदी पर मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में बना है।

**56. भारत में निम्नलिखित में से कहाँ सबसे बड़ा पोत - प्रांगण ( शिपयार्ड ) है ?**

(A) कोलकाता　　**(B) कोच्चि ( कोचीन )**
(C) मुम्बई　　(D) विशाखापट्टनम्

**व्याख्या** - भारत में कोच्चि ( कोचीन ) बंदरगाह का सबसे बड़ा पोत प्रांगण ( शिपयार्ड ) है जबकि भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह मुंबई बंदरगाह है।

**57. भूतापीय ऊर्जा पर आधारित मणिकरण विद्युत संयंत्र किस राज्य में अवस्थित है ?**

**(A) अरुणाचल प्रदेश**　(B) जम्मू और कश्मीर
(C) हिमाचल प्रदेश　　(D) उत्तराखण्ड

**व्याख्या** - भूतापीय ऊर्जा पर आधारित मणिकरण विद्युत संयंत्र हिमाचल प्रदेश राज्य में स्थित है।

**58. मध्य प्रदेश की उत्खात - भूमि ( बैडलैंड ) परिणाम है-**

**(A) अवनलिका अपरदन का**　(B) परत अपरदन का
(C) अतिचारण का　　(D) वायु अपरदन का

**व्याख्या** - मध्य प्रदेश की उत्खात भूमि ( बैडलैण्ड ) अवनलिका अपरदन ( Gully erosion ) का परिणाम है। यह सर्वाधिक समस्या भिण्ड - मुरैना जिले में चम्बल नदी से है जिसे " चम्बल के बीहड़ ' के नाम से जाना जाता है।

**59. भारत में ' केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण ' की स्थापना कब की गई थी ?**

(A) 1998　　(B) 1972
(C) 2001　　**(D) 1985**

**व्याख्या** - भारत में " केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण की स्थापना वर्ष 1985 में की गई थी जबकि गंगा कार्य योजना वर्ष 1985 में शुरू की गई थी एवं राष्ट्रीय गंगा प्राधिकरण वर्ष 2009 में स्थापित हुआ है।

**60 . ' साइलेन्ट वैली परियोजना ' निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है ?**

( A ) उत्तराखण्ड ( B ) हिमाचल प्रदेश

**( C ) केरल** ( D ) तमिलनाडु

**व्याख्या** - साइलेण्ट वैली ( शांत घाटी ) परियोजना केरल राज्य से संबंधित है। यहाँ सिंह पुच्छ बंदर पाया जाता है।

**61 . भारत की स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना जोड़ती है -**

**( A ) दिल्ली - मुम्बई - चेन्नई - कोलकाता को**

( B ) दिल्ली - झाँसी - बेंगलुरु - कन्याकुमारी को

( C ) श्रीनगर - दिल्ली - कानपुर - कोलकाता को

( D ) पोरबंदर - बेंगलुरु - कोलकाता - कानपुर को

**व्याख्या** - भारत की स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना देश के प्रमुख चार महानगरों दिल्ली - मुंबई - चेन्नई - कोलकाता को जोड़ती है।

**62 . आलू है, एक -**

( A ) मूल ( B ) फल

**( C ) कन्द** ( D ) शल्ककन्द

**व्याख्या** - आलू एक कंद ( Tuber ) है इसलिए तो आलू का वानस्पतिक नाम सोलेनम ट्यूबरोसम है।

**63 . कौन - सी गैस ' नोबल गैस ' कहलाती है ?**

( A ) हाइड्रोजन ( B ) ऑक्सीजन

**( C ) हीलियम** ( D ) कार्बन हाइऑक्साइड

**व्याख्या** - निष्क्रिय गैस हीलियम नोबल गैस कहलाती है।

**64 . मानव शरीर में सबसे बड़ी ग्रंथि है।**

( A ) अग्नाशय **( B ) यकृत**

( C ) लार ग्रंथि ( D ) अधिवृक्क ग्रंथि

**व्याख्या** - मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि यकृत ( Liver ) है जबकि सबसे बड़ी अंत : स्रावी ग्रंथि थायराइड ग्रंथि है।

**65 . स्तनधारियों में श्वसन होता है -**

( A ) क्लोम द्वारा ( B ) श्वास नली द्वारा

( C ) त्वचा द्वारा **( D ) फुफ्फुस ( फेफड़ों ) द्वारा**

**व्याख्या** - स्तनधारियों ( Mammals ) में श्वसन फुफ्फुस या फेफड़ो ( lungs ) द्वारा होता है जबकि मछलियों में श्वसन क्लोम ( Gills ) द्वारा होता है। )

**66. सिरका का रासायनिक नाम है-**

**( A ) एसिटिक अम्ल** ( B ) ब्यूटिरिक अम्ल

( C ) फॉर्मिक अम्ल ( D ) टार्टरिक अम्ल

**व्याख्या** - सिरका ( Vinegar ) का रासायनिक नाम एसिटिक एसिड है। जबकि इमली एवं अंगूर में टार्टरिक एसिड पाया जाता है एवं चीटियों में फॉर्मिक एसिड पाया जाता है।

**67 . मायोपिया किस अंग का दोष है ?**

( A ) हृदय ( B ) कर्ण

**( C ) नेत्र** ( D ) वृक्क

**व्याख्या** - मायोपिया ( निकट दृष्टि दोष ) नेत्र अंग का दोष है। इसे दूर करने के लिए अवतल लैंस ( Concave lens ) का प्रयोग किया जाता है।

**68 . निम्नलिखित में से कौन - सी एक ऊष्मा की इकाई नहीं है ?**

( A ) कैलोरी ( B ) किलोकैलोरी

( C ) किलोजूल **( D ) वॉट**

**व्याख्या** - वॉट ऊष्मा की इकाई नहीं है जबकि कैलोरी किलोकैलोरी एवं किलोजूल ऊष्मा की इकाई है।

**69 . साधारण बैरोमीटर में कौन - सा / से द्रव प्रयोग होता है/ होते हैं ?**

( A ) जल **( B ) पारा**

( C ) एल्कोहल ( D ) उपर्युक्त सभी

**व्याख्या** - साधारण बैरोमीटर में पारा ( मर्करी ) द्रव का प्रयोग होता है। बैरोमीटर के पाठ्यांक में अचानक पारे का गिरना तूफान आने का संकेत देता है।

**70 . निम्नलिखित में से कौन - सा एक जीवाश्म ईंधन नहीं है ?**

( A ) कोयला ( B ) पेट्रोलियम

( C ) प्राकृतिक गैस **( D ) यूरेनियम**

**व्याख्या** - यूरेनियम जीवाश्म ( Fossils ) इंधन नहीं है जबकि कोयला, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जीवाश्म ईंधन है।

71 . **निम्नलिखित में से कौन-सा एक ऊर्जा का नवीकरणीय स्रोत है ?**

( A ) कोयला ( B ) नाभिकीय ऊर्जा

( C ) पेट्रोल **( D ) सौर ऊर्जा**

**व्याख्या** - सौर ऊर्जा ( Solar energy ) ऊर्जा का नवीकरणीय स्रोत है। जबकि कोयला नाभिकीय ऊर्जा एवं पेट्रोल ऊर्जा के अनवीकरणी स्रोत है।

72 . **मध्य प्रदेश में पंचवर्षीय योजना का विधिवत् एवं वास्तविक शुभारंभ माना जाता है-**

( A ) तृतीय पंचवर्षीय योजना से

( B ) द्विवितीय पंचवर्षीय योजना से

( C ) प्रथम पंचवर्षीय योजना से

**( D ) 11 नवंबर, 1956 से**

**व्याख्या** - मध्य प्रदेश में पंचवर्षीय योजना का विधिवत् एवं वास्तविक शुभारंभ तृतीय पंचवर्षीय योजना से माना है।

73 . **स्टार्च है, एक -**

( A ) मोनोसैकेराइड ( B ) डाइसैकेराइड

**( C ) पॉलीसैकेराइड** ( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - स्टार्च एक पॉलीसैकेराइड नामक कार्बोहाइड्रेट्स का उदाहरण है जबकि ग्लूकोज मोनोसैकेराइड का उदाहरण है।

74 . **प्रथम पोषक स्तर के अन्तर्गत आते हैं।**

( A ) शाकाहारी जंतु ( B ) मांसाहारी जंतु

( C ) सर्वभक्षी जंतु **( D ) हरित पादप**

**व्याख्या** - हरित पादप ( Green plants ) प्रथम पोषक स्तर के अंतर्गत आते हैं।

75 . **पाश्चुरीकरण संबंधित है ?**

**( A ) दुग्ध के निर्जमीकरण से**

( B ) दुग्ध के निर्जलीकरण से

( C ) दुग्ध के किण्वन से

( D ) दुग्ध के आसवन से

**व्याख्या** - पाश्चुरीकरण दुग्ध के निर्जमीकरण ( Sterilization of Milk ) से संबंधित है इस विधि का आविष्कार वैज्ञानिक लुई पाश्चर ने किया था।

76 . **ओजोन छिद्र का कारण है-**

( A ) ऐसिटिलीन ( B ) एथिलीन

**( C ) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन** ( D ) मीथेन

**व्याख्या** - ओजोन छिद्र का कारण क्लोरोफ्लुओरोकार्बन है। इसी के कारण समताप मंडल में स्थित ओजोन परत का क्षरण हो रहा है।

77 . **इनमें से किस पर्यावरणविद् को ' जल पुरुष ' के नाम से जाना जाता है ? ***

( A ) सुंदरलाल बहुगुणा **( B ) राजेन्द्र सिंह**

( C ) बी . वेंकटेश्वरलू ( D ) सलीम अली

**व्याख्या - पर्यावरणविद राजेन्द्र सिंह को " जल पुरुष " के नाम से जाना जाता है किन्तु प्रश्नपत्र के अंग्रेजी अनुवाद में राजेन्द्र सिंह के स्थान पर राजेन्द्र पचौरी छप जाने के कारण म.प्र. लो.से.आ. ने इस प्रश्न को डिलीट कर दिया है।**

78 . **चिपको आंदोलन के प्रणेता कौन हैं ?**

( A ) मेधा पाटकर ( B ) एम . एस . स्वामीनाथन

**( C ) सुंदरलाल बहुगुणा** ( D ) चंडीप्रसाद भट्ट

**व्याख्या** - चिपको आंदोलन के प्रणेता संदरलाल बहुगुणा हैं, जिन्होंने पेड़ों की अवैध कटाई के विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण हेतु चिपको आंदोलन चलाया।

79 . **निम्नलिखित में से कौन - सी संस्था पर्यावरण से संबंधित नहीं है ?**

( A ) विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र

( B ) भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान

( C ) भारतीय वन्यजीव संस्थान

**( D ) भारतीय सर्वेक्षण विभाग**

**व्याख्या** - विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान पर्यावरण से संबंधित संस्थाएँ हैं जबकि भारतीय सर्वेक्षण विभाग पर्यावरण से संबंधित संस्था नहीं है। अत विकल्प ( D ) सही उत्तर होगा।

80 . **भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था ?**

**( A ) 1972** ( B ) 1980

( C ) 1970 ( D ) 1975

**व्याख्या** - भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम वर्ष 1972 में लागू किया गया था।

**81 . निम्नलिखित में से किस राज्य में वर्ष 2011 की जनगणना में सबसे कम जनसंख्या घनत्व दर्ज किया गया ?**

( A ) मिजोरम **( B ) अरुणाचल प्रदेश**

( C ) सिक्किम ( D ) नागालैंड

**व्याख्या** - वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अरुणाचल प्रदेश राज्य में सबसे कम जनसंख्या घनत्व (17 व्यक्ति / वर्ग किमी.) दर्ज किया गया।

**82 . अक्तूबर 2015 में ' ई - सहयोग ' योजना किस विभाग द्वारा प्रारम्भ की गई थी ?**

( A ) बिक्री - कर **( B ) आयकर**

( C ) आबकारी - कर ( D ) पथ - कर

**व्याख्या** - अक्टूबर 2015 में ' ई - सहयोग ' योजना आयकर विभाग द्वारा प्रारंभ की गई है।

**83 . अपनी भारत यात्रा के दौरान, फेसबुक का संस्थापक मार्क जुकरबर्ग निम्नलिखित में से क्या देखने गया था?**

( A ) लाल किला ( B ) गेटवे ऑफ इंडिया

**( C ) ताजमहल** ( D ) कुतुब मीनार

**व्याख्या** - सोशल नेटवर्क फेसबुक का संस्थापक मार्क जुकर बर्ग अपनी गया था। भारत यात्रा के दौरान उपरोक्त विकल्पों में से ताजमहल ( आगरा ) देखने गया था।

**84 . नवंबर 2015 में G - 20 शिखर सम्मेलन कहाँ हुआ था?**

( A ) पेरिस, फ्रांस **( B ) अंटाल्या, तुर्की**

( C ) विएना, ऑस्ट्रिया ( D ) लंदन, इंग्लैंड

**व्याख्या** - नवम्बर 2015 में विकासशील देशों के संगठन G-20 का शिखर सम्मेलन तुर्की देश के शहर अंटाल्या में आयोजित हुआ था।

**85 . निम्नलिखित में से कौन - सा एक देश G - 8 का सदस्य नहीं है ?**

( A ) रूस ( B ) ब्रिटेन

**( C ) स्पेन** ( D ) कनाडा

**व्याख्या** - विकसित देशों के संगठन G-8 का सदस्य उपरोक्त विकल्पों में से स्पेन देश नहीं है।

**86 . द किलर इंस्टिंक्ट का लेखक है -**

( A ) सुलक्षण मोहन ( B ) एम . के . संतानम

**( C ) ओ . पी . सभरवाल** ( D ) सुभाष जैन

**व्याख्या** - "द किलर इंस्टिक्ट" के लेखक ओ.पी. सभरवाल हैं।

**87 . निम्नलिखित में से कौन - सी एक भारतीय नौसेना की पनहम्बी है ?**

( A ) आई . एन . एस . विराट

**( B ) आई . एन . एस . सिंधुरक्षक**

( C ) आई . एन . एस . राजालि

( D ) आइ . एन . एस . विक्रांत

**व्याख्या** - उपरोक्त में से आई . एन . एस . सिंधुरक्षक वर्तमान में भारतीय नौसेना की पनडुब्बी है।

**88 . निम्नलिखित में से कौन - सा BRICS देशों में से एक नहीं है ?**

( A ) ब्राजील ( B ) रूस

( C ) दक्षिण अफ्रीका **( D ) कनाडा**

**व्याख्या** - BRICS संगठन में शामिल देशहब्राजील, रूस, भारत, चीन, साऊथ अफ्रीका जबकि कनाडा देश इस संगठन में शामिल नहीं

**89 . इनमें से किन्हें नवंबर 2015 में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया था?**

**( A ) सुबीर गोकरण** ( B ) जयंत सिन्हा

( C ) रघुराम राजन ( D ) वाई . वी . रेड्डी

**व्याख्या** - नवम्बर 2015 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ( IMF ) के कार्यकारी निदेशक सुबीर गोकरण को नियुक्त किया गया है।

**90 . 2017 का शूटिंग विश्व कप होगा -**

( A ) जापान में ( B ) चीन में

**( C ) भारत में** ( D ) श्रीलंका में

**व्याख्या** - वर्ष 2017 का शूटिंग ( निशाने बाजी ) विश्व कप टूर्नामेंट भारत में आयोजित होगा।

**91 . भारत में किस राष्ट्रीय नेता की स्मृति में उनके जन्मदिन पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया जाता है?**

(A) डॉ. राम मनोहर लोहिया (B)डॉ.बी.आर.अम्बेडकर

**( C ) सरदार वल्लभभाई पटेल** ( D ) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**व्याख्या** - भारत के राष्ट्रीय नेता सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में उनके जन्मदिन ( 31 अक्टूबर ) पर " राष्ट्रीय एकता दिवस ' मनाया जाता है।

**92 . किस संस्था को ' पिंजरे में बंद तोता ' कहा गया है ?**

( A ) केन्द्रीय सतर्कता आयोग ( सी . वी . सी . )

( B ) प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ( पी . टी . आई . )

**( C ) केन्द्रीय जाँच आयोग ( सी . बी . आई . )**

( D ) सीमा सुरक्षा बल ( बी . एस . एफ . )

**व्याख्या** - केन्द्रीय जाँच आयोग ( सी . बी . ई . ) नामक संस्था को गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा " पिंजरे में बंद तोता " कहा गया है।

**93 . मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम की स्थापना हुई थी-**

( A ) 1958 में    **( B ) 1961 में**

( C ) 1963 में    ( D ) 1970 में

**व्याख्या** - मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम की स्थापना 28 दिसम्बर 1961 को हुई थी।

**94 . महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कब पारित हुआ था ?**

( A ) 2004    **( B ) 2005**

( C ) 2007    ( D ) 2010

**व्याख्या** - महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम वर्ष 2005 में पारित हुआ था एवं इसके अंतर्गत नरेगा योजना की शुरुआत 2 अक्टूबर 2005 से हुई थी एवं 2 अक्टूबर 2009 से इसका नाम ' मनरेगा ' किया गया।

**95 . गोल्ड एक्सपोर्ट प्रमोशन पार्क कहाँ स्थित है ?**

**( A ) इन्दौर**    ( B ) पीथमपुर

( C ) बीना    ( D ) मण्डीदीप

**व्याख्या** - यह प्रश्न MPPSC द्वारा हटाया है।

**96 . 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की जनसंख्या है।**

**( A ) 7 . 2 करोड़**    ( B ) 6 . 2 करोड़

( C ) 6 . 5 करोड़    ( D ) 7 . 5 करोड़

**व्याख्या** - वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश राज्य की जनसंख्या 7, 26, 26, 809 है। म.प्र. का जनसंख्या के मामले में देश में छठा स्थान है।

**97 . 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला है -**

( A ) जबलपुर    ( B ) सागर

**( C ) इन्दौर**    ( D ) भोपाल

**व्याख्या** - वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला इन्दौर है (इन्दौर जिले की जनसंख्या 3276697 )

**98 . मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था है।**

**( A ) कृषि प्रधान**    ( B ) पूँजी प्रधान

( C ) उद्योग प्रधान    ( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान है। म.प्र. की क्रियाशील जनसंख्या का 42.9% भाग कृषि उद्यम से जुड़ा हुआ है।

**99 . मध्य प्रदेश में खनिज नीति किस वर्ष घोषित हुई थी ?**

**( A ) 1995**    ( B ) 1999

( C ) 2002    ( D ) 2004

**व्याख्या** - मध्य प्रदेश में खनिज नीति वर्ष 1995 में घोषित हुई थी।

**100 . प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का / के उद्देश्य है / हैं -**

( A ) गाँवों को मुख्य सड़क से जोड़ना

( B ) पक्की सड़क बनाना

**( C ) दोनों ( A ) और ( B )**

( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - दिसम्बर 2000 से क्रियान्वित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य देश के सभी गाँवों को मुख्य सड़क से जोड़ना एवं पक्की सड़क का निर्माण करना है।

mppsctarget.com



Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212, Email id: smartwayeducation.in@gmail.com

MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010